# St. Claret College

AUTONOMOUS | BENGALURU

Accredited with A+ Grade by NAAC | Affiliated to Bangalore University | AICTE Approved

NURTURING VALUES AND EXCELLENCE

## भाषा क्लब - भाषा विभाग




# स्फूर्ति -2026

## राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी (हाइब्रिड )

## विषय: भारतीय सिनेमा : विविध विमर्श

**स्थान : सेंट क्लारेट महाविद्यालय,स्वायत्तशासी, जालहल्ली**

**दिनांक: 23 मार्च, 2026**

**दिन: सोमवार**

**समय: 10:30 बजे प्रातः**




# सेंट क्लारेट महाविद्यालय

सेंट क्लारेट महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2005 में क्लारेटाइन मिशनरी द्वारा बैंगलोर में की गई, क्लारेटाइन मिशनरी कैथोलिक बौद्धिक परम्पराओं का अनुपालन करती है। यह संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 66 देशों में स्थापित 2 विश्वविद्यालय एवं 150 शैक्षणिक संस्थाओं का संचालन करती है। सेंट क्लारेट महाविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यहाँ विज्ञान, वाणिज्य, प्रबंधन, पर्यटन, सूचना, प्रौद्योगकी, मानविकी एवं कला आदि विषयों में उच्च शिक्षा प्रदान की जाती है। पिछले दो दशक में, सेंट क्लारेट महाविद्यालय ने शिक्षा एवं शिक्षणेतर गतिविधियों में निरंतर विकास किया है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ खेल, साहित्य, कला, वाणिज्य, प्रबंधन एवं सांस्कृतिक कार्यकर्मों में लगातार पुरस्कार जीतते रहे हैं और ये उपलब्धियां महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जाने वाली समग्र शिक्षा की उत्कृष्ट गुणवत्ता का प्रमाण हैं।

सेंट क्लारेट कॉलेज UGC द्वारा मान्यता प्राप्त है और स्थायी रूप से बैंगलोर विश्वविद्यालय से संबद्ध है। यह AICTE द्वारा अनुमोदित है और NAAC द्वारा A+ ग्रेड के साथ मान्यता प्राप्त है। वर्ष 2024 में, UGC ने सेंट क्लारेट कॉलेज को स्वायत्त (Autonomous) का दर्जा प्रदान किया।

# भाषा - विभाग

भाषा समस्त ज्ञान-विषयों की आधारशिला है। इसलिए अध्ययन की मजबूत नींव के लिए भाषा का सुदृढ़ होना अत्यंत आवश्यक है। सेंट क्लारेट कॉलेज का भाषा विभाग योग्य, अनुभवी एवं समर्पित शिक्षकों के मार्गदर्शन में भाषा के उच्च स्तरीय अध्ययन और श्रेष्ठ अध्यापन के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है।
भाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस, राष्ट्रीय संगोष्ठी, कवि सम्मेलन, विविध कार्यशालाओं तथा साहित्यिक प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों में भाषिक दक्षता, सृजनात्मकता और साहित्यिक अभिरुचि का विकास होता है।
सेंट क्लारेट महाविद्यालय का भाषा विभाग विद्यार्थियों को भाषा एवं साहित्य के माध्यम से सांस्कृतिक, बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास की दिशा में नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## संगोष्ठी के विषय के बारे में

भारतीय सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण भी है। यह जाति, वर्ग, लिंग, संस्कृति, राजनीति और समकालीन समस्याओं जैसे विविध विमर्शों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करता है। इस छात्र संगोष्ठी का उद्देश्य सिनेमा के माध्यम से उभरने वाले सामाजिक, सांस्कृतिक एवं वैचारिक पहलुओं को समझना है। इसके द्वारा विद्यार्थियों में आलोचनात्मक दृष्टि, रचनात्मक सोच तथा सामाजिक संवेदनशीलता का विकास करना है। साथ ही, यह मंच छात्रों को अपने विचार व्यक्त करने और संवाद स्थापित करने का अवसर प्रदान करेगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से विद्यार्थी सिनेमा को एक सशक्त माध्यम के रूप में पहचानेंगे। वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में इसकी भूमिका को भी समझ सकेंगे।

## आलेख प्रस्तुतिकरण के उपविषय:

- भारतीय सिनेमा में सामाजिक यथार्थ का चित्रण
- जाति, वर्ग और लैंगिक भेदभाव
- ग्रामीण एवं शहरी जीवन का चित्रण
- परिवार, परंपरा और आधुनिकता का द्वंद्व
- स्त्री विमर्श और नारी सशक्तिकरण में सिनेमा की भूमिका
- भारतीय सिनेमा और राष्ट्रवाद
- समकालीन राजनीति और फिल्में
- सिनेमा में भ्रष्टाचार और व्यवस्था पर प्रश्न
- क्षेत्रीय सिनेमा और सांस्कृतिक पहचान
- समानांतर सिनेमा और कला फिल्में
- युवा पीढ़ी पर सिनेमा का प्रभाव
- शिक्षा और नैतिक मूल्यों का चित्रण
- नशा, अपराध और युवा वर्ग
- प्रेरणादायक फिल्मों की भूमिका
- भविष्य का भारतीय सिनेमा
- उपर्युक्त उप विषयों के अतिरिक्त छात्र संगोष्ठी के मुख्य विषय से संबंधित तथा हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में बनी फिल्मों पर भी आलेख प्रस्तुत कर सकते हैं।

## आवश्य निर्देश:

- प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण करना आवश्यक है।
- पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 मार्च, 2026 है।
- आलेख प्रस्तुतीकरण की एक सारांशिका जिसमे प्रस्तुतिकरण का शीर्षक लिखा हो, 150 शब्दों में लिखकर पंजीकरण के समय अपलोड करना अनिवार्य है।
- आलेख प्रस्तुत करने के लिए 5 से 7 मिनट का समय दिया जाएगा।

- तीन प्रतिभागियों को सर्वश्रेष्ठ प्रपत्र प्रस्तुतकर्ता के लिए चयनित किया जायेगा।
- सेमिनार में पंजीकरण पूर्णतया निःशुल्क है।
- ऑनलाइन प्रपत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को ई - प्रमाणपत्र दिया जाएगा।
- **पंजीकरण लिंक** - https://forms.gle/e4Cw16dKKiDk4Uyv9
- प्रतिभागी पंजीकरण के उपरांत दिए गए लिंक में व्हाट्स-अप लिंक के द्वारा समूह से भी जुड़ जाय।
- **व्हाट्स-अप लिंक** - https://chat.whatsapp.com/Kci07bOy1594EKNQUAKNVj
- छात्र संगोष्ठी और प्रपत्र प्रस्तुतीकरण सम्बंधित अन्य जानकारी हेतु आप निम्नलिखित मो. न. पर संपर्क कर सकते हैं।
- डॉ. अतुल कुमार पाण्डेय (छात्र संगोष्ठी संयोजक)- 9450379930
- श्याम शा (छात्र समन्वयक)
- मो. फ़ज़ल ( छात्र समन्वयक)

**SCAN TO** REGISTER


**SCAN TO JOIN** WHATSAPP GROUP

## संरक्षक

**रेव. डॉ. थॉमस थेन्नडियिल,** प्राचार्य
**रेव. फादर जोसफ एस.,** उप-प्राचार्य

## कार्यक्रम समिति

**डॉ. अतुल कुमार पाण्डेय,** संगोष्ठी संयोजक
**डॉ. मादेश एन.**, विभागाध्यक्ष
**डॉ. सुप्रिया सिंह,** सह आचार्य
**डॉ. आशीष**, सहायक आचार्य



## छात्र समन्वयक

**श्याम साह (छात्र समन्वयक)-** 6287649520
**मोहम्मद फ़ज़ल, -** 9008379152